भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †5256
सोमवार, 03 अप्रैल, 2023/13 चैत्र, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

जी-20 की बैठकों के दौरान छोटे टूर ऑपरेटरों को सहयोग प्रदान करने संबंधी नीति

†5256. सुश्री सुनीता दुग्गलः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने वर्तमान जी-20 बैठकों में भारत को प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करने के लिए उपाय किए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने जी-20 बैठकों के दौरान देश में जिम्मेदार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हरित पहलों को बढ़ावा दिया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए कोई नीति/सहायता स्थापित की है कि भारत की जी-20 की अध्यक्षता के मद्देनजर छोटे टूर ऑपरेटरों को भी पर्यटन की मांग में उचित हिस्सा मिले; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) और (ख): जी हां, महोदय। भारत पूरे देश के 55 चयनित शहरों में 200 से अधिक बैठकों की मेजबानी कर रहा है। ये सभी शहर इन बैठकों की मेजबानी के लिए तैयार हैं। इन बैठकों के पूर्वाभ्यासों में पर्यटन संबंधी पेशकशों को रेखांकित किया जा रहा है। निकटवर्ती पर्यटक आकर्षणों में प्रतिनिधियों का भ्रमण भी आयोजित किया जाता है। इन गंतव्यों में टूर गाइडों, टैक्सी चालकों, होटल मालिकों, ट्रैवल एजेंटों और अन्य हितधारकों को व्यवहार संबंधी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जी20 बैठकों के लिए इन शहरों में अवसंरचना का संवर्धन और उन्नयन किया जा रहा है। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय महत्व के पुरातात्विक स्मारकों, विरासत स्थलों का जीर्णोद्धार और उन्नयन किया जा रहा है।

(ग) और (घ): जी हां, महोदय। सरकार ने राज्यों और उद्योग जगत के साथ साझेदारी में जी20 बैठकों के दौरान देश में जिम्मेदार पर्यटन के संवर्धन के लिए पर्यावरण अनुकूल पहलों को बढ़ावा दिया है। जी20 बैठकों की मेज़बानी कर रहे स्थलों पर अन्य पहलों के अतिरिक्त सिंगल यूज़ प्लास्टिक का प्रयोग न करने, जल एवं ऊर्जा के परिरक्षण सहित विभिन्न पर्यावरण अनुकूल पहलें अपनाई गई हैं।

मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना 2.0 की शुरूआत भी की जिसमें पर्यटक गंतव्यों के स्थायी और जिम्मेदार विकास पर फोकस किया जाएगा।

स्थायी, जिम्मेदार और लोचशील पर्यटन क्षेत्र के लिए पर्यटन क्षेत्र को पर्यावरण अनुकूल बनाना पर्यटन कार्यकारी समूह की पाँच प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक है।

(ङ) और (च): जी हां, महोदय। पर्यटन मंत्रालय क्षमता निर्माण और अन्य पहलों के माध्यम से छोटे टूर ऑपरेटरों की सहायता करता रहा है तथापि पर्यटन माँग में उनका हिस्सा बाज़ार शक्तियों सहित विभिन्न अन्य कारकों पर निर्भर करता है।

*****